**श्री राजेश कुमार (भा०प्र०से०) आयुक्त कोशी प्रमंडल सहरसा –सह– अध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति, जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल मधेपुरा की अध्यक्षता में दिनांक–17.02.2026 को 12:30 बजे अपराह्न में रोगी कल्याण समिति के बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः–**

पंजी के अनुसार,

सर्वप्रथम अधीक्षक –सह– सचिव रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल मधेपुरा के द्वारा उपस्थित अध्यक्ष–सह– आयुक्त, उपाध्यक्ष –सह–जिला पदाधिकारी एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गईः–

**01.अल्ट्रासाउण्डः–**

अधीक्षक सह सचिव रोगी कल्याण समिति के द्वारा बैठक में उपस्थित अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि रेडियोलॉजी विभाग में सभी चिकित्सक का पद रिक्त रहने के कारण अल्ट्रासाउण्ड की सेवा बंद है जिस पर अध्यक्ष महोदय के द्वारा अधीक्षक –सह–सचिव को निदेशित किया गया कि रेडियोलॉजी विभाग में चिकित्सक के पदस्थापन हेतु विभाग को पत्राचार किया जाय एवं प्रसव रोग से संबंधित मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग के चिकित्सक के द्वारा करायी जाय।

**02.पोस्टमार्टमः–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित अधीक्षक –सह–सचिव एवं प्राचार्य सह पदेन सदस्य ज०क०ठा०चि०महा० एवं अस्पताल मधेपुरा को चिकित्सा महाविद्यालय में पोस्टमार्टम की सुविधा के बारे में पृच्छा की गयी। जिस पर अधीक्षक एवं प्राचार्य के द्वारा अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया कि एफ०एम०टी० विभाग में चिकित्सको, चिकित्सक–शिक्षको एवं शव विच्छेदक पदस्थापित नही रहने के कारण पोस्टमार्टम का कार्य प्रारंभ नही किया जा सका है। जिस पर अध्यक्ष महोदय के द्वारा निदेशित किया गया है कि विभाग से चिकित्सक एवं चिकित्सक शिक्षकों के पदस्थापन हेतु पत्राचार किया जाय। साथ ही एफ०एम०टी० विभाग में शव विच्छेदक रोगी कल्याण समिति के माध्यम से रखने की सहमति प्रदान की गई।

**03.R.O Plant:-**

अध्यक्ष महोदय द्वारा अधीक्षक सह सचिव को अस्पताल में आगन्तुक एवं मरीजों के स्वच्छ पेयजल के लिए R.O Plant लगाने को कहा गया, जिस पर अधीक्षक सह सचिव द्वारा अवगत कराया कि पूर्व में रोगी कल्याण समिति के बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में R.O Plant लगाने हेतु निविदा प्रकाशित कि गई थी लेकिन कोई निविदादाता द्वारा निविदा नही दिया

Dinesh Kumar 17/02/2026

17/02/26

17/2/26

17/02/26

17.02.2026

Yadav 17/2/2026.

जिला पदा० मधेपुरा – सह – उपाध्यक्ष को
गया। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि जेम पोर्टल से क्रय कर R.O Plant लगाया जाय। [RO Plant of Proper capacity & specifications of reputed manufactures at below Market cost].

**04.रोगी कल्याण समिति का आयः–**

अधीक्षक द्वारा उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यो को अवगत कराया गया कि रोगी कल्याण समिति के खाते में दिनांक–09.02.2026 तक, व्यय के पश्चात् मो०–8,18,110.50(आठ लाख अठारह हजार एक सौ दस रूपये पचास पैसे मात्र) राशि शेष जमा है तथा खातो का अंकेक्षण हेतु बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति पटना को भेजी गयी है जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि खातों का अंकेक्षण ~~कोई~~ Registered चार्टर एकाउन्टेट से कराया जाय। इस हेतु जिला पदा० मधेपुरा – सह – उपाध्यक्ष को प्राधिकृत किया जाता है।

**05.निगरानी समिति का गठनः–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा में मरीजो के स्वास्थ्य सुविधा एवं विधि व्यवस्था हेतु ADM स्तर के एक पदाधिकारी एवं दो वरिष्ठ समाजसेवी को शामिल कर निगरानी समिति का गठन किया जाय। जो समय समय पर अस्पताल का निरीक्षण करेंगे।

**06.मिडिया प्रभारी/सुरक्षा प्रभारीः–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा अधीक्षक जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल मधेपुरा को निदेशित किया गया की एक चिकित्सक को मिडिया प्रभारी एवं एक चिकित्सक को सुरक्षा प्रभारी बनाया जाय। जो अस्पताल में मिडिया एवं सुरक्षा से संबंधित मामले का सम्पादन करेंगे

**07.एम०आर०आई० का संचालनः–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा एम०आर०आई० सुविधा के बारे में पृच्छा की गयी। जिस पर अधीक्षक महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि BMSICL Patna के माध्यम से पी०पी०पी० मोड पर MRI मशीन का अधिष्ठापन हो चुका है। MRI कि सुविधा जनहित में जल्द प्रारंभ की जायेगी।

**08.P.S.A Plant सर्विसिंग/गैस पाईप लाईन सर्विसिंग/जेनरेटर सर्विसिंग/गैस मेनिफोल्ट के उपर तड़ित चालक यंत्र का निर्माण/विभागों में ग्रील लगाने/दवा वितरण केन्द्र के उत्तर भाग में अतिरिक्त काउन्टर का विस्तारणः–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा अधीक्षक सह सचिव को निदेशित किया गया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल मधेपुरा में अधिष्ठापित जनरेटर मशीन, P.S.A Plant का सर्विसिंग एवं गैस मैनिफोल्ड के उपर तड़ित चालक यंत्र का निर्माण एवं विभागों में ग्रील लगाने तथा दवा वितरण केन्द्र के उत्तर भाग में अतिरिक्त काउन्टर का विस्तारण के संबंध में BMSICL Patna को पत्राचार किया जाय।

Dinesh Kumar 17/02/2026

17/02/26 17/2/26. 17/02/26 17.02.2026 17/2/2026

अंत में अधीक्षक –सह– सदस्य सचिव, रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल मधेपुरा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग, सह–सदस्य कोषाध्यक्ष रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | विभागाध्यक्ष, औषधि विभाग, सह–सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | सचिव, रेड क्रॉस सोसायटी सह–सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | अध्यक्ष, आई०एम०ए० सह–सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | अधीक्षक, सह–सदस्य सचिव रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | प्राचार्य, सह–पदेन सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | जिलाधिकारी, सह–उपाध्यक्ष सदस्य रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। | आयुक्त, कोसी प्रमंडल, सहरसा सह–अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा। |